मैनेजमेंट की पढ़ाई से बढ़ता है आत्मविश्वास : जहागीरदार

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची में सोमवार को एग्जीक्यूटिव एमबीए सत्र 2023-25 की शुरुआत हुई. मुख्य अतिथि नाबार्ड के चीफ जनरल मैनेजर एसके जहागीरदार ने कहा कि मैनेजमेंट की पढ़ाई व्यक्ति के भीतर कार्यक्षेत्र में और बेहतर करने का आत्मविश्वास भरती है. साथ ही अभ्यर्थियों को काम, निजी जीवन और पढ़ाई के बीच बेहतर तालमेल बनाने के लिए प्रेरित किया. अभ्यर्थियों से जिम्मेदारियों को अपनाने, परिवार का समर्थन लगातार लेने और डर का सामना कर सफल होने की सीख दी. उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन को

□ आइआइएम रांची में एग्जीक्यूटिव एमबीए की हुई शुरुआत

व्यवस्थित रखकर भी प्रबंधन का कौशल सीख सकता है. प्रबंधन का क्षेत्र अनुभव हासिल कर नया अवसर तैयार करने की प्रक्रिया है. इसके लिए सोच का दायरा बढ़ाना होगा. एग्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम के चेयरपर्सन डॉ अमित सचान ने कोर्स की जरूरत और भविष्य में इसके लाभ बताये. साथ ही अभ्यर्थियों को कोर्स के दौरान व्यक्तिगत विकास और एक-दूसरे से नियमित जानकारी साझा करने के लिए प्रेरित किया. निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा और बदलते परिदृश्य में संस्था में किये जा रहे शैक्षणिक बदलाव के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि कोर्स को वर्तमान समय की मांग के हिसाब से तैयार किया गया है. अभ्यर्थी ऑनलाइन और ऑफलाइन कोर्स का हिस्सा बनकर बेहतर प्रशिक्षण और अवसर हासिल कर सकते हैं. इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ प्रदीप कुमार बाला और प्रशासी अधिकारी विकास कुमार मौजूद थे.

Prabhat Khabar, 18.07.2023, Pg. 10